मुन्तकिली प्रकरण सं0 27/2014 भूपेशकुमार पुत्र ओमप्रकाश जाति जाट निवासी चक सहारणवाला तहसील व जिला श्रीगंगानगर बनाम 1–अंकिता उम्र 15 वष पुत्री वेदप्रकाश जाति जाट निवासी चक सहारणवाला तहसील श्रीगंगानगर नाबालिग कुदरतीवली माता सुदेशकुमार पत्नि महेन्द्र उर्फ शिशपाल जाति जाट निवासी मोरजण्डखारी तसहील सादुलशहर 2– ओमप्रकाश पुत्र गुरदयाल जाति जाट निवासी चक सहारणवाला तह0 श्रीगंगानगर 3–उपतहसीलदार चूनावढ 4–शिक्षा देवी 5–कौशल्या देवी

सत्यमेव जयते
Web Copy - Not Official

26.05.2015

प्रार्थी भूपेशकुमार के अभिभाषक श्री प्रेमप्रकाश मक्कड़ उपस्थित है। उन्हे सुना गया एवं पत्रावली का अवलोकन किया गया तो पाया कि प्रार्थी द्वारा यह मुन्तकिली प्रा0 पत्र न्यायालय अतिरिक्त जिलाधीश (प्रशासन) श्रीगंगानगर में लंबित अपील संख्या 56/2013 भूपेशकुमार आदि बनाम अंकिता आदि में न्याय न मिलने की संभावना व्यक्त कर प्रकरण अन्यत्र सक्ष्म न्यायालय में मुन्तकिल करने की प्रार्थना के साथ प्रस्तुत किया है।

चूंकि प्रार्थी द्वारा अतिरिक्त जिलाधीश (प्रशासन) श्रीगंगानगर के न्यायालय से उक्त अपील संख्या 56/2013 में न्याय न मिलने की संभावना को लेकर अन्यत्र सक्ष्म न्यायालय में मुन्तकिल करने की प्रार्थना के साथ यह मुन्तकिली प्रा0 पत्र प्रस्तुत किया गया है। तत्कालीन अतिरिक्त जिलाधीश (प्रशासन) श्रीगंगानगर का अन्यत्र स्थानान्तरण हो गया है और नये पीठासीन अधिकारी उपस्थित हो गये है। इसलिए यह मुन्तकिली प्रा0 पत्र निष्प्रभावी अर्थात फलहीन हो गया है। इसलिए यह मुन्तकिली प्रा0 पत्र को खारिज किया जाता है। आदेश की प्रति अतिरिक्त जिलाधीश (प्रशासन) श्रीगंगानगर को पालनार्थ भिजवाई जावे। यह पत्रावली बाद तरतीब तकमील दाखिल दफतर हो।

यह आदेश आज दिनांक 26.05.2015 को मेरे द्वारा लिखाया जाकर खुले न्यायालय में सुनाया गया।

(पी.सी.किशन)
जिला कलैक्टर
श्रीगंगानगर